श्री ऋषि कुमार, माननीय स0वि0स0 से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या–17/14/2199 से उद्भूत आश्वासन सं0 658/25 का कार्यान्वयन प्रतिवेदन।

तारांकित प्रश्न	सरकारी आश्वासन	कार्यान्वयन
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत ओबरा प्रखंड के खुदवा पंचायत के ग्राम कलेन में सोनवर्षा वितरणी के 25.76 आर0डी0 की बायीं तरफ से निसृत सागरपुर वाटर कोर्स (जलवाहा) के 1.5 आर0 डी0 पर अवस्थित फाल जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है, जिसके कारण किसानों की 200 से 250 एकड़ जमीन सिंचाई से वंचित रह जाती है तथा वर्षा के समय अत्यधिक पानी हो जाने के कारण खेत जलमग्न हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर फाल निर्माण कराने का विचार रखती है नही, तो क्यों?	वस्तुस्थिति यह है कि प्रष्नगत फॉल सोनवर्षा वितरणी के 25.76 आर0डी0 से निःसृत सागरपुर जलवाहा के 1. 50 आर0डी0 पर अवस्थित है। वर्त्तमान में फॉल तथा इसके अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम में नहर के दोनों बाँध में आंशिक मरम्मति की आवश्यकता है। इसके लिए प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है। अगले वित्तीय वर्ष में इस कार्य को करा लिया जायेगा।	वस्तुस्थिति यह है कि सोनवर्षा वितरणी के 25.75 आर0 डी0 के बाँये से निःसृत सागरपुर वाटर कोर्स (जलवाहा) के 1.50 आर0डी0 पर अवस्थित फॉल का जीर्ण–शीर्ण अवस्था में जो था, उसे वित्तीय वर्ष 2026–27 में अनुरक्षण एवं मरम्मति मद में प्राप्त राशि से कार्य को करा लिया गया है। उक्त क्षेत्र के किसानों को 200 से 250 एकड़ कृषिनुमा जमीन की सिंचाई सुविधा निर्वाध रूप से उपलब्ध करायी जा रही है।

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–03–08 / 2025 पटना / दिनांक :.....

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना का पत्रांक–1842 दिनांक–14.07.2025 के आलोक में तारांकित प्रश्न सं0–17 / 14 / 2199 से उदभूत् आश्वासन सं0–658 / 25 का अनुमोदित अद्यतन कार्यान्वयन प्रतिवेदन पाँच प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–03–08 / 2025 पटना / दिनांक :.....

प्रतिलिपिः– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–03–08 / 2025 पटना / दिनांक :.....

प्रतिलिपिः– अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0 अंचल–03, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–03–08 / 2025 6131 पटना / दिनांक :23/10/2026

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता, आई0टी0 सेन्टर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22/10/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव